राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक-गृह विज्ञान

पाठ - 28अ कार्यपत्रक- 28अ

गृह व्यवस्था -एक परिचय

1. गृह व्यवस्था शब्द से आप क्या समझते हैं ? क्या आपके घर में भी गृह व्यवस्था प्रासंगिक है? समझाइए?

2. क्या रहने वाले क्षेत्रों के सुचारू कामकाज के लिए गृह व्यवस्था महत्वपूर्ण है? अपने घर से संबंधित कोई ऐसी स्थिति बताएं जिसमें खराब गृह व्यवस्था के कारण आपको परेशानी का सामना करना पड़ा हो। आप इसे कैसे सुधारेंगे?

3. आप एक नए खुले रिसॉर्ट में एक सप्ताह की छुट्टी का आनंद लेने आए हैं। रिसॉर्ट के कुशल संचालन के लिए आवश्यक क्षेत्रों की पहचान करने के लिए रिसॉर्ट के प्रबंधक की मदद कीजिये ।

4. आपको एक होटल का गृह व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है। आपके कर्तव्य क्या होंगे? उन कर्मियों की सूची बनाएं जिनकी आप निगरानी करेंगे।

5. एक रिजॉर्ट में गृह व्यवस्थापक के रूप में आपने देखा कि एक कमरे में लिनन साफ नहीं था, कमरे में बल्ब फ्यूज़ था और शौचालय साफ नहीं थे। उपरोक्त प्रत्येक शिकायत के लिए आप किस कार्मिक से संपर्क करेंगे।

6. एक प्रतिष्ठान में निम्नलिखित के क्या कर्तव्य हैं:

क)उद्यान निरीक्षक

ख) क्लोक-रूम निरीक्षक

7. आपके घर में नीचे दी गई छोटी-मोटी मरम्मत के लिए आप किस कुशल कामगार को बुलाएंगे:

क) टूटा हुआ लकड़ी का दरवाजा

ख) विद्युत आपूर्ति लाइन में आई खराबी

ग) दीवार का उतरा हुआ पेंट।

घ) ईंट गिरने से चारदीवारी में गैप

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक-गृह विज्ञान

पाठ - 28अ कार्यपत्रक- 28अ

गृह व्यवस्था -एक परिचय

8. गृह व्यवस्था कर्मचारियों के किन्हीं छह साज सज्जा एवं वेषभूषा का उल्लेख करें जो आपको लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्हें चुनने का अपना कारण दीजिये।

9. एक रेस्तरां में खाना खाते समय आपने देखा कि क्रॉकरी और कटलरी बहुत गंदी थी। आपके अनुसार गृह व्यवस्था का कौन सा कर्मचारी इस चूक के लिए जिम्मेदार है?स्थापना में उसके मूल कर्तव्य क्या हैं?

10.निम्नलिखित के कार्य क्या हैं:

क) सहायक गृह व्यवस्थापक

ख) कंट्रोल डेस्क सुपरवाइजर

ग) फ्लोर सुपरवाइजर

.